<u>प्रेस-नोट</u>

थाना नवाबाद, जनपद झाँसी

<u>दिनाँक- 04.09.2025</u>

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में चेकिंग के दौरान आज दिनांक 04.09.2025 को थाना नवाबाद पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त धीरज यादव पुत्र श्री रामकृपाल यादव निवासी करगुवां जी थाना नवाबाद झाँसी उम्र करीब 25 वर्ष को गायत्री हॉस्पिटल के आगे जैन समुदाय की बाउण्ड्री के पास थाना क्षेत्र नवाबाद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध पिस्टल 7.65 MM व दो अदद जिन्दा कारतूस 7.65 MM बरामद करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 333/25 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

<u>नाम पता अभियुक्त –</u>

धीरज यादव पुत्र श्री रामकृपाल यादव निवासी करगुवां जी थाना नवाबाद झाँसी उम्र करीब 25 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण –</u>

अवैध पिस्टल 7.65 MM व दो अदद जिन्दा कारतूस 7.65 MM

<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>

1. **उ0नि0 श्री संतप्रकाश त्रिपाठी चौकी प्रभारी विवि0 थाना नवाबाद जनपद झाँसी**
2. **उ0नि0 श्री अनुज कुमार चौकी प्रभारी मेडिकल थाना नवाबाद जनपद झाँसी**
3. **उ0नि0 श्री अंकुर कुमार थाना नवाबाद जनपद झाँसी**
4. **का0 1529 प्रद्युम्न तिवारी थाना नवाबाद जनपद झाँसी**
5. **का0 272 लाल तिवारी थाना नवाबाद जनपद झाँसी**